हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025



# शहादत के बाद 89 मुठभेड़: 15 सालों में मार गिराए 32 नक्सली, चार संगठनों का भी खात्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहीद दिवस विशेष

### पंद्रह साल पहले 12 जुलाई को हुई थी सबसे बड़ी नक्सल घटना, एसपी सहित शहीद हुए थे 29 जवान

2009 में आज ही के दिन हुई जिले के इतिहास में सबसे बड़ी नक्सल वारदात में एसपी व्हीके चौबे सहित 29 जवानों की शहादत के बाद फोर्स ने वनांचल इलाकों में ऐसी सेंध लगाई है कि पिछले 15 सालों के दौरान 89 मुठभेड़ में जहां 32 नक्सलियों को मार गिराया गया। वहीं 47 नक्सलियों ने पुलिस का दबाव बढ़ने के चलते आत्मसमर्पण कर लिया। इधर जिले के सक्रिय रहे चार नक्सल संगठन भी अब खत्म हो चुके हैं।

अविभाजित राजनांदगांव जिले में नक्सलियों ने सन 1990 में अपने संगठन को खड़ा किया था। इस दौरान आगजनी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। सन 1991 में खैरागढ़ के बकरकट्टा में नक्सलियों ने एक की हत्या की। 1999 में पांच ग्रामीणों की हत्या करने के साथ ही नक्सलियों ने पूरे जिले में लाल आतंक का नेटवर्क तैयार किया। जिले के इतिहास में 12 जुलाई 2009 का दिन एक काला दिवस के रूप में जाना जाता है। इस दिन मदनवाड़ा और कोरकट्टी में नक्सलियों के खिलाफ लड़ते हुए एसपी व्हीके चौबे सहित 29 जवान शहीद हो गए। इस घटना के बाद राज्य सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई को तेज किया। पुलिस और फोर्स ने नक्सल इलाकों में ऐसा मोर्चा संभाला। जिससे 33 नक्सलियों को मार गिराया गया। पिछले 15 सालों तक चले लगातार आपरेशन से गांवों में फोर्स ने जबर्दस्त दबाव भी बनाया।

⏩ शेष पेज 12 पर

#### 2009 के बाद नहीं हुई नक्सल भर्ती

एसपी सहित 29 जवानों की शहादत के बाद पुलिस का दबाव वनांचल इलाकों में ऐसा बढ़ा कि नक्सल संगठनों में लगातार बिखराव होना शुरू हो गया। हालात यह भी निर्मित हो गए कि गांवों में नक्सल भर्ती भी बंद हो गई। पुलिस ने गांवों में अच्छा खासा नेटवर्क तैयार किया और लोगों को विकास में जोड़ने की कोशिश भी की।

#### नक्सलमुक्त जिला

मदनवाड़ा और कोरकट्टी कांड में हुई शहादत के बाद लगातार चले आपरेशन के कारण ही अविभाजित जिला अब नक्सलमुक्त हो चुका है। राजनांदगांव, कवर्धा और केसीजी जिले को केंद्र सरकार ने जहां नक्सलमुक्त कर दिया है। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिले को नक्सल मामले में आंशिक की श्रेणी में रखा गया है।



फाईल फोटो

#### 32 गांव नक्सलमुक्त

पिछले 15 सालों में पुलिस का दबाव बढ़ने के साथ ही 32 गांव नक्सलमुक्त हो चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ लगातार आपरेशन के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार ने नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले इलाकों में व्यापक पैमाने पर विकास कामों को शुरू कराया है। पिछले एक दशक में अविभाजित राजनांदगांव जिले के गांवों में सड़क और पुल-पुलियो का निर्माण कर ग्रामीणों तक विकास पहुंचाने की कोशिश भी की गई है। गांवों में मोबाइल टावर भी लगाए गए है। जिससे संचार की सुविधा भी लोगों को मिल सके।

### अब तक 20 करोड़ से अधिक का लेन-देन, बैंक खातों की जांच शुरू

# 'महादेव' के बाद अब शिवा सट्टा एप देशभर में फैला नेटवर्क, 6 गिरफ्तार

### महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में ब्रांच, दर्जनों बैंक अकाउंट से लेन-देन, दो आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शिवा बुक के नाम से ऑनलाइन गेमिंग एप बनाकर सट्टे का संचालन करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। खैरागढ़ पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे का संचालन करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों से मिले बैंक डिटेल में साफ हुआ कि सट्टे की रकम का लेन-देन करने 20 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपियो से बड़ी मात्रा में मोबाइल फोन, बैंक पासबुक सहित अन्य इलेट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में महादेव सट्टा बुक का मामला पहले ही चर्चा में बना हुआ है। इस बीच अब एक और नए सट्टे के एप का पर्दाफाश खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पुलिस ने किया है। खास बात यह है कि सट्टा लगाने वाले एक आरोपी से मिले साक्ष्य की मदद से पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत ऑनलाइन जुआ खेलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की गई थी, जो ऑनलाइन शिवा बुक के माध्यम से जुआ खेलता था। शिवा बुक ऑनलाइन गैम्बलिंग एप संचालित करने वाले बुकी के संबंध में तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किया गया, जो अंडा दुर्ग से संचालित होना पाया गया। यह एप देश के विभिन्न राज्यों में ब्रांच बैठाकर सट्टा संचालित किया जा रहा था। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर शिवा बुक ऑनलाइन सट्टा एप का एक ब्रांच नागपुर महाराष्ट्र में संचालित होना पाया गया, जिस पर थाना प्रभारी छुईखदान एवं सायबर सेल प्रभारी द्वारा टीम तैयार कर पुलिस टीम नागपुर रवाना किया गया। नागपुर में शिवा बुक के ब्रांच का पता कर रेड कार्रवाई किया गया, जो आरोपीगण द्वारा एक फ्लैट को किराये में ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालित करना पाया गया।

#### पासबुक, मोबाइल सहित लैपटॉप-पासपोर्ट जब्त

ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से जुआ-सट्टा खेलाते पाए गए तथा मकान की तलाशी लेने पर मौके पर नगदी रकम 50000 एवं बैंक खातों में 228727 रुपए कुल 278727 रुपए नगद, 25 नग मोबाइल फोन, 02 नग लैपटाप, 26 नग एटीएम कार्ड, 19 नग विभिन्न बैंकों का बैंक पासबुक, 14 नग चेकबुक, 04 नग वाई-फाई राउटर, 8 आधार कार्ड, 01 नग पासपोर्ट, 11 नग सिम कार्ड, 04 हिसाब-किताब का रजिस्टर जुमला कीमती 662727 रुपए बरामद किया गया।

#### बैंक की हो रही जांच

आरोपीगण मोबाइल फोन एवं लैपटॉप पर ऑनलाइन एप के माध्यम से सट्टा खेला रहे थे तथा सट्टा के रुपए का लेनदेन करने के लिए विभिन्न बैंक खातों एवं यूपीआई का उपयोग कर रहे थे। सट्टा खेलाने में प्रयुक्त बैंक खातों की जांच करने पर लगभग 20 करोड़ से अधिक का लेनदेन होना पाया गया। प्रकरण में गेमिंग एप में उपयोग किए जाने वाले बैंक खातों की जांच की जा रही है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।

#### आध दर्जन आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें क्षत्रपाल पटेल पिता घनश्याम पटेल 21 वर्ष साकिन ग्राम पलांदुर थाना डोंगरगढ़, निकुंज पन्ना पिता निर्जा पन्ना 24 वर्ष जिला जशपुर, समीर बड़ा पिता रोशन बड़ा 22 वर्ष जिला जशपुर, धनंजय सिंह पिता रामपाल सिंह 34 वर्ष सुपेला जिला दुर्ग, चंद्रशेखर अहिरवार पिता किशोरीलाल अहिरवार 33 वर्ष शंकर नगर सुपेला जिला दुर्ग और डुमेश श्रीवास पिता राकेश श्रीवास 21 वर्ष सुपेला भिलाई जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अंडा दुर्ग निवासी वेदप्रकाश जोशी तथा अन्य आरोपीगण फरार हैं। जिनकी पतासाजी की जा रही है।

# जूनीहटरी में चला अतिक्रमण पर बुलडोजर, हटाए गए अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





सड़क तक फैले दुकानों और अतिक्रमण को लेकर नगर निगम व प्रशासनिक अमला आज सख्त दिखाई दिया और शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए निगम आयुक्त एक्शन मोड में नजर आए। शहर के जूनीहटरी और महाकाल चौक में सड़क तक किए गए अतिक्रमण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

शहर के जूनीहटरी में स्थानीय दुकानदारों द्वारा सड़क के ऊपर बनाई गई सीढ़ियों को तोड़ा गया। वहीं दुकान से बाहर लगाए गए तीन शैड भी हटाए गए। निगम और प्रशासन की इस कार्रवाई से कुछ जगह लोगों का आक्रोश देखा गया। आज दोपहर लगभग 1 बजे प्रशासनिक अमले के जूनीहटरी पहुंचते ही अतिक्रमणकरियों में हड़कंप मच गया। प्रशासन द्वारा यहां दोनों ओर से आवागमन रोकते हुए सभी दुकान बंद करवाई गई और तोड़फोड़ शुरू किया गया। तोड़फोड़ के दौरान नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा, एएसपी राहुल देव शर्मा, तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव मौजूद रहे। तोड़फोड़ के इस कार्रवाई के दौरान नजूल विभाग का अमला भी नक्शा लेकर मौके पर मौजूद रहा, जहां विवाद की स्थिति होने पर त्वरित नाप कर कार्रवाई की गई।

#### तीन क्षेत्रों में हुई कार्रवाई

शहर के गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी और मानव मंदिर चौक पर हुई कार्रवाई के बाद जयस्तंभ चौक क्षेत्र में भी अतिक्रमणमुक्त करने जेसीबी चलाया जाएगा। नगर निगम द्वारा शहर के लगभग 9-10 सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने चिन्हित किया गया है।

#### दुकान का लाइसेंस होगा निरस्त

कार्रवाई को लेकर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि यातायात व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है, जो दुकान सड़क तक बढ़ी हुई है, उसे हटाने कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान सड़क तक फैले सामानों की जब्ती भी की गई है। आयुक्त ने कहा कि अगली बार अतिक्रमण किए जाने पर दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

#### दुकान भीतर लगाने की हिदायत

नगर निगम की टीम ने लगभग दो दर्जन से अधिक दुकानदारों द्वारा सड़क पर बनाई गई सीढ़ियों को तोड़ा है। वहीं सामान लटकने निकाले गए टीन शैड को हटाया है। वहीं दुकान से बाहर सामान निकालकर दुकानदारी करने वाले लोगों को इस दौरान समझाईश भी दी गई है। कार्रवाई के दौरान सभी से कहा गया है कि वह अपनी दुकान के भीतर ही व्यापार करें, ताकि बेहतर यातायात व्यवस्था बनाई जा सके।

# लोडिंग अनलोडिंग से सर्विस लेन में लग रहा जाम, लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में आरके नगर से रेवाडीह चौक तक सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सुरक्षित यातायत के लिए नई सर्विस लेन के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। वहीं आरके नगर से नेहरू नगर तक पूर्व से निर्मित सर्विस रोड में खड़ी वाहनों के चलते यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सर्विस रोड पर खड़े वाहनों की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है।

शहर के महावीर चौक से लेकर नेहरू नगर तक कई जगहों में ट्रकें और अन्य माल वाहक खड़े कर दिए जाते हैं। महावीर चौक से भगत सिंह चौक तक दिनभर सर्विस लेन में माल लोडिंग, अनलोडिंग किया जाता है। जिससे नेशनल हाईवे पर यातायात बाधित होने के साथ थी दुर्घटनाएं भी हो रही है। शहर के बीच बनी सर्विस लेन में ज्यादातर भारी वाहनों का

⏩ शेष पेज 12 पर



#### यातायात हो रहा बाधित

सर्विस लाइन में वाहन खड़ी कर माल लोडिंग-अनलोडिंग किए जाने से कई बार एक वाहन के सामने दूसरी खड़ी वाहन नजर नहीं आती है। जिसकी वजह से भी हादसे होते हैं। वही सर्विस लेन में वाहन खड़े होने के चलते सर्विस लेन की चौड़ाई काफी सकरी हो जाती है। जिससे आवागमन बाधित होता है और सर्विस लेन निर्माण से सुगम यातायात लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

## प्लेटफार्म की जगह बीच पटरी पर रूकी पैसेंजर, यात्रियों में हड़कंप



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में गुरुवार की रात तारसा पैसेंजर को प्लेटफार्म की जगह बीच पटरी पर खड़े किए जाने से हड़कंप मच गया। ट्रेन से उतरने एवं उसमें चढ़ने का इंतजार कर रहे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि अपनी जान जोखिम में डालकर कई यात्री ट्रेन में चढ़े। इधर इस मामले में संबंधित अफसरों को नोटिस जारी होने की जानकारी भी सामने आ रही है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में बीती रात 8 से 9 बजे के बीच तारसा पैसेंजर पहुंची थी। ट्रेन को प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर रुकना था, लेकिन प्लेटफार्म में ना रूककर ट्रेन दो प्लेटफार्म के बीच स्थित मध्य पटरी पर रूकी। ट्रेन के बीच पटरी पर रूकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। स्टेशन में उतरने का इंतजार कर रहे यात्रियों को यह समझ नहीं आया कि वे कैसे प्लेटफार्म

⏩ शेष पेज 12 पर

# 48 लोगों की जांच में कोरोना के तीन मरीज

### संपर्क में आने वालों की ही हो रही कोरोना जांच, अस्पताल में इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब तक 48 लोगों की जांच कराई गई है। जिसमें लगभग 10 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। इसमें से तीन मरीजों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बने कोविड वार्ड में किया जा रहा है।

बीते दिनों शहर में कोरोना पॉजिटिव दो लोगों की मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतर्कता बरतनी शुरू कर दी गई है। सर्दी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ होने पर मरीजों की कोरोना जांच भी कराई जा रही है। कोरोना के मामलों को देखते हुए कोरोना मरीज के लिए विकासखंड स्तर पर अलग वार्ड बना दिए गए हैं। वहीं ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था रखी गई है।





#### तीन मरीजों का उपचार

जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि अब तक 48 लोगों की कोरोना जांच हो चुकी है। जिसमें तीन लोगों का उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि होम आइसोलेशन में अभी एक भी मरीज नहीं है।

#### कोविड वार्ड तैयार

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना के मामलों को देखते हुए सभी विकासखंड में कोविड आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जिला चिकित्सालय में भी कोविड वार्ड बनाकर तैयारी रखी गई है।

#### संपर्क में आए लोगों की जांच

लगभग एक महीने पहले कोरोना मरीज सामने आने के बाद शहर में मरीज के संपर्क में आए अन्य लोगों की जांच कराई गई थी। जिसमें 6 पॉजिटिव पाए गए थे। वहीं दो लोगों की मौत हुई थी। वहीं अब अन्य कोरोना मरीज के संपर्क में आए लोगों की जांच भी की जा रही है।

#### आरटीपीसीआर से कोरोना जांच

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आरटी पीसीआर से कोरोना की जांच की जा रही है, जिन लोगों को कई दिनों से सर्दी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत है, उनका कोरोना जांच कराया जा रहा है। फिलहाल कोरोना जांच में कमी के चलते मामले भी काम आ रहे हैं।

### बगैर किताबें पढ़ाई की मजबूरी, छात्र नेताओं ने किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

# बरसते पानी में कटोरा लेकर स्कूली बच्चों के लिए मांगी किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय स्कूल में बच्चों को मिलने वाली किताबें नहीं पहुंचने के मामले को लेकर एनएसयूआई द्वारा अनोखा प्रदर्शन किया गया। यहां छात्र नेताओं ने कलेक्टोरेट परिसर के बाहर कटोरा लेकर किताबों की भिक्षा मांगी। लगभग एक माह में भी स्कूली बच्चों को किताबों का वितरण नहीं होने से नाराजगी जाहिर करते छात्र नेताओं ने शिक्षा विभाग को उक्त कटोरा सौंपने का प्रयास करते विभाग द्वारा प्रदेश सरकार से किताबों की भिक्षा लाने कहा।

स्कूली बच्चों के लिए किताबों की मांग करने प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ता तेज बारिश शुरू होने पर भी नहीं उठे और बारिश के बीच डटे रहे। छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष ऋषि शास्त्री व ऋषभ निर्मलकर के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। ऋषि शास्त्री ने कहा कि शिक्षकों के युक्तियुक्त की वजह से दस हजार से ऊपर शासकीय स्कूल बंद हो गए। ऐसे में शिक्षा का स्तर कैसे सुधर पाएगा। युवाओं को सरकार ने चुनाव से पूर्व नई भर्ती का आश्वासन दिया था। अब पचास हजार से भी अधिक युवा भटकने मजबूर हैं।



#### आंदोलन की चेतावनी

एनएसयूआई द्वारा प्रदर्शन के दौरान चेतावनी देते कहा गया है कि शिक्षा व्यवस्था सरकार नहीं सुधारेगी तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन प्रदेश स्तर में किया जाएगा। इस प्रदर्शन के दौरान गणेश पवार, नोहर निर्मलकर, हिमांशु सोनाटिया, लोमश कुमार, होलेन्द्र, विकास, रवि, अमन कुमार, राधिका, केदार पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### निजी स्कूलों की मनमानी

अपने प्रदर्शन में एनएसयूआई ने निजी स्कूलों की मनमानी का मुद्दा उठाते कहा कि निजी स्कूल बिना किसी वैधानिक मापदंड के संचालित की जा रही है। निजी स्कूलों की मनमानी इतनी बढ़ चुकी है कि सीबीएससी का बोर्ड लगाकर बच्चों के परिजनों से फीस वसूली की जा रही है। जबकि परीक्षा सीजी बोर्ड के हिसाब से ली जा रही है।

#### स्कूलों में नहीं पहुंच रही किताबें

अपने प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शराब की कुछ खाली बोतलें भी रखी थी, जिसे लेकर एनएसयूआई की प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव और एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष उज्ज्वल निर्मलकर ने कहा कि शासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए किताबें नहीं पहुंच पाई है, लेकिन गांव-गांव तक नई ब्रांड की शराब पहुंच रही है।

#### जोखिम में पढ़ रहे बच्चे

एनएसयूआई के पदाधिकरियों ने अपने प्रदर्शन के दौरान कहा कि जिले में 530 शासकीय स्कूलों में मरम्मत और 20 से अधिक शासकीय स्कूल कक्ष को डिस्मेंटल कर नया बनाने की आवश्यकता है। स्कूली बच्चे बारिश के बीच जर्जर भवन में जोखिम के साथ पढ़ाई कर रहे हैं।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध — ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व
• कंधों में जकड़न, खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### सामान्य सभा की बैठक में कई निर्णय

**मुसरा।** ग्राम पंचायत मुसराकला में सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम पंचायत प्रतिनिधियों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। बैठक में विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए समीक्षा किया गया जिसमे मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास के पूर्ण- अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई। सोख्ता फिट निर्माण पर ध्यानाकर्षण किया गया। बैठक में व्यवसायिक परिसर से संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया। सार्वजनिक क्षेत्र में जलभराव को देखते हुए मुरुम अथवा डस्ट बिछाने पर सहमति बनी। सरपंच गायत्री शिव टेम्भुरकर ने पंचो, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख एवं जनपद सदस्य को नेम प्लेट आबंटित किया।

### चाकू दिखाकर डराते एक गिरफ्तार



**डोंगरगढ़।** पुलिस ने धारदार चाकू से लोगों को डराते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 10 जुलाई को सूचना मिला कि एक व्यक्ति मेला ग्राउण्ड रानी अंवतीबाई मुर्ति पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर आरोपी अनिल हठिले पिता स्व. दीपक हठिले निवासी रविदास नगर मोचीपारा डोंगरगढ़ चाकू के साथ रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आरोपी आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है। इसके पूर्व आरोपी के विरूद्ध मारपीट, लड़ाई झगड़ा के 3 मामले दर्ज हैं।

### प्रयास विद्यालय में चयनित छात्रों का सम्मान



**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय संडी से गुरुवार को प्रयास विद्यालय में चयनित छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार थी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, ओमप्रकाश वर्मा, कैलाश वर्मा, बिससर वर्मा, खेलन वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान प्रयास विद्यालय में अध्ययन के लिए चयनित इंद्राणी जंघेल, ज्योति जंघेल, विकास कुमार धुर्वे तथा पियुष जंघेल को सम्मानित किया गया। छात्रों को निशुल्क कोचिंग देने वाले शिक्षक उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल को भी सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में प्रकाश वर्मा, प्रकाश कुमार, प्राचार्य संतोष नेताम, प्यारेलाल साहू, उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल, गौतम जंघेल, देवदास माण्डले सहित अन्य शामिल हुए।

### निधन

**शैलेन्द्र मेश्राम**



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला मंगीखुटा के प्रधान पाठक शैलेन्द्र मेश्राम का हृदयघात से निधन हो गया। वह एसजी मेश्राम के छोटे भाई थे। इनकी अंतिम यात्रा को निवास स्थान से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार इंडेन गैस गोदाम के पीछे मुक्तिधाम में किया गया।

## बोनी के सीजन में किसानों को नहीं मिल रही खाद

# खाद संकट गहराया, रात 2 बजे से लाइन लगाने मजबूर किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उदयपुर

सेवा सहकारी समिति उदयपुर अंतर्गत आने वाले 6 ग्रामों के किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। खाद के लिए कई किसान रात 2 बजे से लाइन में खड़े होकर घंटों इंतजार करते रहते हैं, फिर भी उन्हें डीएपी और यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद नहीं मिलने से किसानों में भारी नाराज़गी और हताशा है।

ग्राम बोरई के किसान मनोहर साहू ने बताया कि पिछले वर्ष 70 बोरी खाद मिली थी। इस साल बुआई पूरी हो गई है, फिर भी एक भी बोरी खाद उपलब्ध नहीं हुई है। साल्हेकला के भागवत जंघेल बताया कि 5 एकड़ खेत के लिए केवल एक बोरी खाद दी जा रही है। इतनी कम खाद में अच्छी फसल का उत्पादन संभव नहीं है। जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद भी किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल रही है। सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल है। साल्हेकला के डामार जंघेल ने बताया रात 2 बजे सोसाइटी में नंबर लगाया था। बारी आने पर 5 एकड़ के पीछे सिर्फ एक बैग खाद दिया गया। अब मजबूरी में बाहर से महंगी खाद खरीदना पड़ रहा है।

### मवेशी चट कर रहे किसानों की फसल

**सड़क अतरिया।** खरीफ फसलों की बुआई का दौर जारी है। वही किसान मवेशियों से फसल की सुरक्षा को लेकर काफी परेशान हैं। क्षेत्र के किसी भी गांव में गौठान की स्थिति ऐसी नहीं है, जहां मवेशियों को रखा जा सके। लाखों खर्च करने के बाद भी गौठानों का हाल बेहाल है। सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, पंडरिया सहित अन्य गांव के गौठान में मवेशियों को रखने, चारा पानी की व्यवस्था नहीं है। यही स्थित कांजी हाऊस की है। यहां भी मवेशियों को देखरेख करने वाला नहीं होने से बंद है। ज्यादातर गौठानों पहले ही जर्जर हो गए है। कहीं टीन सेड उड गए हैं तो कही घेरा अस्त व्यस्त है। सभी गांव में इन दिनों मवेशियों का झुंड़ देखा जा रहा है जो खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे है।

## किसानों को पर्याप्त खाद मुहैया कराए सरकार

### युवक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन




**छुरिया।** सेवा सहकारी समिति में खाद की किल्लत से किसान परेशान है। क्षेत्र के किसानों ने गत दिनों खाद की समस्या से विधानसभा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता को अवगत कराया।

युवा कांग्रेस नेता श्री गुप्ता ने किसानों एवं युवा कांग्रेसियों के साथ स्थानीय कृषि विस्तार अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समितियो में शीघ्र ही खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग की है। श्री गुप्ता ने कहा कि खेती पर अंचल के किसान निर्भर है। हर वर्ष उन्हें समय पूर्व खाद मिल जाती थी लेकिन इस वर्ष कृषि कार्य प्रारंभ होने के बाद सोसाइटी में डीएपी, यूरिया, कंपोस्ट सहित अन्य खाद उपलब्ध नहीं है जबकि निजी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है तथा खाद को अधिक कीमत में बेचा जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनिल बाघमारे, रामगुलाम, पिनाड़ी मंडावी, चेतेश्वर पुजेरी, हेमंत यादव, तुलेश्वर निषाद, डोमेश्वर कंवर, प्रकाश मोटघरे सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खाद के लिए भटक रहे 11 गांव के किसान

### पनप रहा किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

असाढ़ के अंतिम दिनों में भारी बारिश होने के बाद किसान धान की बोनी करने और रोपा लगाने की तैयारी में जुटे हैं किन्तु इन दिनों उन्हे खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय सेवा सहकारी समिति के अधीन आने वाले 11 ग्रामों के किसानों की खेती खाद की कमी से संकट में नजर आ रही है। रोजाना सैकड़ों किसान खाद के लिए सोसायटी आते हैं किन्तु उन्हे बगैर खाद लिए लौटना पड़ रहा है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी अनुसार किसानों को धान की फसल में डालने के लिए डीएपी, यूरिया, पोटॉश, सुपर फॉस्फेट खाद की जरूरत है। किसान दो महीने से खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। जानकारी के अनुसार समिति क्षेत्र के लगभग एक हजार किसानों को अभी तक एक भी बोरी खाद नहीं मिली है। मजबूरन किसानों को बाजार से अधिक दाम में खाद ले रहे है।

### डीएपी नहीं, यूरिया पहुंची

गुरूवार को क्षेत्र के किसानों को पता चला कि समिति में डीएपी की जगह यूरिया खाद पहुंची है तो वह बड़ी संख्या में पहुंच गये। यहां लाईन लगाकर खड़े किसानों को कर्मचारियों ने बताया कि उपलब्ध होने पर ही खाद दिया जाएगा तो किसान नाराज हो गए। जानकारी अनुसार लंबे समय बाद सेवा सहकारी समिति छुरिया में लगभग 500 बोरी यूरिया खाद पहुंची है जिसे बांटने के लिए जद्दोजहद जारी है

### व्यापारियों ने बढ़ाए दाम

समितियों में डीएपी, यूरिया खाद की कमी होने के बाद दुकानदारों ने खाद के दामों में बेतहाशा इजाफा कर दिया है जिससे मजबूरन किसानों को अधिक दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है।

### 113 स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूल में अति आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए 77 लाख 11 हजार 475 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के 113 स्कूलों में मरम्मत कार्य किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र के लिए संबंधित नगरीय निकाय को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। स्कूलों की व्यापक पैमाने पर मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य होने से जिले में स्कूल अधोसंरचना मजबूत बनेगी। डोंगरगढ़ विकासखंड के 28 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 15 लाख 25 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के 29 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 21 लाख 4 हजार रुपए, डोंगरगांव विकासखंड के 22 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 17 लाख 36 हजार रुपए तथा छुरिया विकासखंड के 34 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 2346475 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# नाले में बाढ़, 5 दिनों से रास्ता बंद

### मांग के बाद भी पुल निर्माण में कोताही से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

धानापयली नाला में बाढ के चलते सोमवार से अंबागढ़ चौकी को सेम्हरबांधा और धानापायली को जोडने वाले मार्ग से आवागमन ठप है। 96 घंटे से नाला में बाढ और आवाजाही बंद होने से दोनो गांव की तीन हजार से अधिक आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार से बुधवार तक निरंतर बारिश होने के बाद धानापायली नाला के पुल से पांच से छह फीट उपर पानी बह रहा है। नाले के किनारे स्थित खेत जलमग्न हो गए हैं। नाला के आगे बसे धानापायली और सेम्हरबांधा का सड़क संपर्क अंबागढ़ चौकी से टूट गया है। ग्रामीणो को ब्लाक मुख्यालय आने के लिए भड़सेना हाथीकन्हार के रास्ते से दस किमी. अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रहा है। नाला में बाढ के चलते सोमवार से ग्रामीणों एवं छात्रों की आवाजाही बंद हो गई है।



### आंदोलन के बाद भी मांग अधूरी

धानापायली नाला में पुल निर्माण की मांग को लेकर सेम्हरबांधा, धानापयली के ग्रामीणो ने ग्राम विकास समिति एवं संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन व चक्काजाम आंदोलन किया। कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने समय समय पर नाला में पुल निर्माण के मुदद्दे को उठाया भी किन्तु दोनो पार्टी की सरकारों ने पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं दी।

### हर साल होती है आवाजाही ठप

ग्राम पंचायत सेम्हरबांधा के सरपंच राजू परतेती ने बताया कि धानापायली नाला में बाढ के हालात हर साल बनते हैं। हर साल सेम्हरबांधा धानापायली का संपर्क चौकी से टूट जाता है। बारिश के दिनों नाला में बाढ आने से दस से पंद्रह दिन आवागमन ठप रहता है। उन्होंने बताया कि पुरूष तो जैसे तैसे चौकी पहुंच जाते है लेकिन महिलाओं एवं बच्चो को दूसरे रास्ते से गांव पहुंचना पड़ता है।

# शराब दुकान के पास प्लास्टिक कचरे के अंबार से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई

गंडई नगर में सरकारी शराब दुकान के समीप प्लास्टिक कचरे का ढेर पर्यावरण और किसानों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। प्रशासन की उपेक्षा के कारण यह गंदगी लगातार बढ़ते जा रही है। बारिश होने पर यह कचरा बहकर खेतों में जा रहा है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है।

जानकारी के अनुसार कुछ महीने पहले तक शराब दुकान के आसपास दर्जनों चखना दुकानें संचालित होती थीं। यहाँ शराब पीने वाले डिस्पोजेबल गिलास, पानी पाउच, प्लास्टिक थाली और प्लेट का उपयोग कर कचरा मौके पर फेंक देते थे। जिसका परिणाम है कि शराब दुकान के 200 मीटर के दायरे में प्लास्टिक का ढेर लग गया है। अब अवैध चखना दुकानों को हटाकर ठेके पर अहाता शुरू कर दिया गया है, लेकिन कचरे की समस्या जस के तस बनी हुई है। मदिरा प्रेमी अब भी शराब दुकान के पास ही प्लास्टिक का कचरा फैला रहे हैं, जिससे स्थिति बिगड़ते जा रही है।



### प्रबंधन का उपाय नहीं

शराब दुकान से प्रतिदिन लाखों का राजस्व प्राप्त होता है, किन्तु कचरा प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं किया गया है। गर्मियों में प्लास्टिक कचरा उड़कर खेतों में पहुँचता है, जबकि बरसात में यह बहकर कृषि भूमि में जमा हो जाता है जिससे किसानों की जमीन की उपजाऊ क्षमता प्रभावित हो रही है।

### कराया जाएगा सफाई

जिला आबकारी अधिकारी रमेश सिन्हा ने बताया कि सरकारी शराब दुकान के आसपास जल्द ही सफाई करवा दिया जाएगा।

### पौधारोपण कर मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**डोंगरगांव।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रेंगाकठेरा के मंदिर प्रांगण, खेल मैदान में अशोक, पीपल, कटहल, आंवला, नीम, बेल आदि के पौधों का रोपण कर हरियर धरती सुग्घर दुनिया का संदेश दिया गया। यह आयोजन ग्राम पंचायत माथलडबरी के सहयोग से धर्म संस्थापक संघ हरिद्वार से संबंधित न्याय समाज के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौटी ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु, विवेक मंडावी, गेंदाबाई पटेल, ममता पटेल, सरपंच मधु ओमेश यदु, कपिल पड़ौटी थे। इस मौके पर श्रीमती पड़ौटी ने पौधरोपण की महत्ता बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगााने का आव्हान किया। ग्रामवासियों की मांग पर मंच निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, मुख्य अतिथि श्री गांधी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि सनातन धर्म में वृक्षों को देव तुल्य सम्मान दिया गया है। सनातन धर्म प्रकृति और न्यायशील व्यवस्था पर आधारित है। न्याय समाज प्रभारी शैलेन्द्र यदु ने धर्म संस्थापक संघ के गठन और उद्देश्यों की जानकारी दी। संचालन पीतांबर चंद्रवंशी ने किया।

### सावन में बेहतर बारिश की उम्मीद

**सड़क अतरिया।** सावन माह में किसानों को बेहतर बारिश होने की उम्मीद है। आषाढ़ का पहला पखवाड़ा अल्प और खंड वर्षा में बीता। माह के अंतिम दिनों में हुई बारिश ने कसर पूरी कर दिया जिसके बाद धान की रोपाई में तेजी आ गई है। किसानों ने बताया कि खरीफ फसलें अब तक बेहतर स्थिति में है। सावन में अच्छी बारिश होती है तो बिना किसी समस्या के खाद, दवा का छिड़काव, बियासी एवं निंदाई कार्य हो जाएगा।

## कलश यात्रा में शामिल हुए नागरिक

# नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना नगर में हुआ भक्तिमय माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

सावन माह के पहले दिन नगर पंचायत के वार्ड 15 में नवनिर्मित शिव मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया।

यहां शिव मंदिर का निर्माण पार्षद दिलीप ओगरे की पहल पर किया गया है। वार्डवासी लंबे समय से मोहल्ले में शिवलिंग स्थापना की मांग कर रहे थे। अर्चना मार्कडेय के मंदिर निर्माण के लिए जमीन दान में देने के बाद भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया गया। मूर्ति स्थापना के पूर्व महिलाओं और युवतियों ने मां गंगई मंदिर में एकत्रित होकर कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा मां गंगई मंदिर से तिरंगा चौक,पुलिस लाइन होते हुए नवनिर्मित शिव मंदिर पहुंची। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। सेवकों ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बनाया।



### शिवलिंग की पूजा

राजनांदगांव से लाए गए नर्मदेश्वर शिवलिंग की विधि-विधान से पूजा-अर्चना पं. राजू पाण्डेय और सूरज पाण्डेय ने की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, दिलीप ओगरे, नारायण चतुर्वेदी, साकेत दुबे, अमन सोनी, विक्की टंडन, हरि सेन, फुदरू पाल, सुमन पाटले, राकेश निषाद, मनीष सोनी, अशोक पटेल, भागचंद बघेल, अनिता ओगरे, दिलेश्वरी टंडन, शैलेन्द्र दुबे, पवन सेन, नारायण सोनी, राधे यादव सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़**
जिला- राजनांदगाँव
**// राजस्व मामले में नोटिस //**

मामले का विषय - कब्जानुसार नक्शा काटे जाने बाबत।
मामला क्रमांक - 202505092200042 अ/74 वर्ष 2024-25
आवेदिका :- **श्रीमती सरोज जैन** पति राजेश जाति जैन सा. स्टेट बैंक के सामने डोंगरगढ़ कृषक ग्राम मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव
**// विरुद्ध //**
**अनावेदकगण :-** 1. **गजानंद** पिता सोहनदास जाति तेली सा. मुरमुंदा
2. **आदित्य मिश्रा** पिता श्यामसुंदर जाति ब्राम्हण सा. राजनांदगाँव
3. **शारदा अग्रवाल** आ./पति अजय अग्रवाल जाति अग्रवाल सा. पलारी

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरोज जैन पति राजेश जैन, जाति जैन, निवासी स्टेट बैंक के पास डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका के नाम से ग्राम मुरमुंदा प.ह.न. 31 तहसील डोंगरगढ़ में ख.न. 102/4 रकबा 0.283 हे. भूमि स्थित है। जिसका वर्तमान में नक्शा ऑनलाईन में दर्ज नहीं है। आवेदिका के नाम से दर्ज उक्त खसरा नम्बर का नक्शा कटा नहीं है। अतः आवेदिका के नाम से दर्ज उक्त वाद भूमि का नक्शा काटे जाने निवेदन किया गया है।

उपयुक्त मामले की सुनवाई दिनांक 18.07.2025 को दिन के 11.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) पर होगी।

यह आदेश आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

पाठक सूचना
खडगांव क्षेत्र में दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियों तथा समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
निष्ठा न्यूज एजेंसी
(पंचायत भवन के बाजू, खडगांव)
विजय कुमार जैन मो. 90989 37585
भीखम रावटे मो. 94790 97554

मस्तिष्क, नस एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
राजनांदगाव में उपलब्ध
महीने के प्रत्येक शनिवार
दोप. - 3:30 बजे से 4:30 बजे तक
राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास
7869899833, 8871626367
डॉ. कुलदीप सिंह
MBBS, MS, Mch (Neuro)
Dr. Kuldeep's BRAIN AND SPINE CLINIC
24x7 EMERGENCY SERVICE CALL- 6261500981
प्रतिदिन उपलब्ध
शिवाय मेडिकोज डॉ. बघेल पॉलीक्लिनिक के सामने न्यू बस स्टैंड दुर्ग

# वीर सपूतों को शत्-शत् नमन




मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जाए वीर अनेक।।

आज सोलहवीं पुण्यतिथि पर हम सभी
की ओर से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...






– श्रद्धावनत –

| | | |
|---|---|---|
| लालबाग थाना परिवार राजनांदगांव | बसंतपुर थाना परिवार राजनांदगांव | कोतवाली थाना परिवार राजनांदगांव |
| तुमड़ीबोड़ थाना परिवार राजनांदगांव | सुकुलदैहान थाना परिवार राजनांदगांव | सुरगी थाना परिवार राजनांदगांव |
| चिचोला थाना परिवार राजनांदगांव | डोंगरगांव थाना परिवार राजनांदगांव | डोंगरगढ़ थाना परिवार राजनांदगांव |

## जिला पुलिस प्रशासन
## राजनांदगांव

RJGN_BHOOMI_12_2025-04_Layout 1 11-Jul-25 10:56 PM Page 1



## सार समाचार

### दिव्यांग लोचन को मिला ब्लैक बेल्ट



**राजनांदगांव।** स्थानीय राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्टस् कस्तूरबा महिला मंडल स्कूल प्रांगण में शीकोकाई शितोरियू कराते इंडिया के प्रमुख प्रशिक्षक हांशी भारत शर्मा के मार्गदर्शन में रेंशी मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा ली गई। जिसमें शहर के गायत्री विद्यापीठ, नीरज पब्लिक स्कूल, नीरज बाजपाई स्कूल, वाईडनियर मेमोरियल स्कूल, बॉडीटेक जिम एवं अन्य स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के दौरान मुख्य परीक्षक शिहान मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों का कराते की विभिन्न विधाओं पंच, ब्लॉक, किक, एडवांस बेसिक, काता सहित परीक्षार्थियों के पावर, स्टेनिमा एवं स्पीड की प्रायोगिक परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में मोखला निवासी दिव्यांग लोचनलाल साहू ने ब्लैक बेल्ट की चुनौतीपूर्ण परीक्षा को पास किया। उनके साथ जयदीप सिन्हा ने भी ब्लैक बेल्ट परीक्षा पास की। परीक्षा में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शिकोकाई शितोरियू कराते के प्रमुख प्रशिक्षक शिहान मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

### मुंडेली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**मोहला।** 27वीं बटालियन आईटीबीपी द्वारा गांव मुंडेली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा शिविर एवं नशा मुक्ति भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 27वीं बटालियन आईटीबीपी द्वारा विवेक कुमार पांडेय कमांडेंट 27वीं बटालियन के मार्गदर्शन एवं रविन्द्र सिंह पवार सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सीओबी डोमिकला के गांव मुंडेली में निःशुल्क चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर में आए ग्रामीणों का चिकित्सा जांच एवं प्राथमिक उपचार किया गया। डॉ. विरेन्द्र कुमार चिकित्सा अधिकारी 27वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा चिकित्सा शिविर में स्थानीय ग्रामीणों की मुफ्त चिकित्सा जांच की गई। डॉ. मनोरंजन कुमारटूआईसी वेटनरी ने ग्रामीणों के पशुओं का निरीक्षण किया एवं दवाईयों का वितरण किया। उक्त अवसर पर विवेक कुमार पांडेय कमांडेंट 27वीं बटालियन आईटीबीपी द्वारा ग्रामीणों को नशामुक्ति भारत अभियान, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर बातचीत की। इस अवसर पर गांव पटेल, सरपंच और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।




### डॉक्टर्स-डे पर रक्तदान शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ब्लड सेंटर पैथोलॉजी विभाग में डॉक्टर्स-डे पर आईएमए, आईएमए-एमएसएन और ब्लड सेंटर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना, मेडिकल छात्रों में जागरूकता करना था। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. पंकज लुका, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, उप-अधीक्षक एवं आईएमए मेंबर डॉ. पवन जेठानी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. दिवाकर रंगारी, आईएमए सचिव अनीमेश गांधी, मेडिकल फैकल्टी एवं स्टूडेंट्स, समस्त ब्लड सेंटर स्टॉफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में आईएमए-एमएसएन के सक्रिय सदस्य एवं मेडिकल विद्यार्थी 2021 बैच के प्रथम, शारदा, कनिका तथा 2024 बैच के मेडिकल स्टूडेंट्स ने विशेष भूमिका निभाई। अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया और मेडिकल छात्रों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी। ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर इंदोरिया ने रक्तदाताओं, छात्रों और आईएमए का आभार व्यक्त करते कहा कि ब्लड सेंटर में किया गया रक्तदान सच्ची निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण है। जिसका उपयोग गंभीर रोगियों, गर्भवती महिलाओं, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं दुर्घटना पीड़ितों के लिए संजीवनी का काम करती है।

### जिपं सीईओ ने रमोतिन का किया सम्मान

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने गुरुवार को कार्यालय जिला पंचायत में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम सागर की लखपति दीदी श्रीमती रमोतिन ठाकुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




### मांगों को लेकर गोंगपा का धरना प्रदर्शन 14 को


**खैरागढ़।** प्रांतीय कार्यालय के निर्देश पर सोमवार 14 जुलाई को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी विभिन्न विषयों को लेकर महामहिम के नाम धरना प्रदर्शन बाद ज्ञापन सौपेंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष संतराम छेदैया ने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण को निरस्त करने, बंद शालाओं को दुबारा शुरू करने, संविदा शिक्षकों को नियमित करने, वन विभाग के द्वारा गलत तरीके से वन भूमि में सालों से काबिज अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को हटाया जा रहा है से परेशान किसानों के खेतों का तत्काल पटवारी से परीक्षण कराकर मुआवजा देने और नकली खाद की जगह असली और सरकारी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने महामहिम के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंध में प्रदेश के सभी जिलों में जिलाध्यक्षों को इस बाबत दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। जिले में जिलाध्यक्ष नंदकुमार नेताम के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन देकर रैली निकालेंगे और कलेक्टर को महामहिम के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा पर सत्संग का आयोजन

**डोंगरगढ़।** विश्व जागृति मिशन डोंगरगढ़ मंडल के तत्वावधान में सदगुरुदेव सुधांशु महाराज के सूक्ष्म सानिध्य में गुरु पूर्णिमा पर्व गुरुवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। खेमुका निवास में शाम 6 बजे से यूट्यूब पर सत्संग का आयोजन किया गया। दिल्ली में आयोजित समारोह में सदगुरुदेव सुधांशु महाराज द्वारा दिए गए सत्संग का श्रवण सभी भक्तों ने किया। प्रधान एनआर देवांगन के नेतृत्व में सत्संग के आयोजन के पश्चात गुरु पाद पूजन किया गया। सभी भक्तों ने गुरु चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन संयोजक गोपाल खेमुका ने किया।



### अशोक तिवारी का निधन



**चिचोला।** क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक अशोक तिवारी का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर है। कल 12 जुलाई को गृहग्राम रामपुर में सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार का कार्यक्रम किया जाएगा।

## पुलिस ने वाहन से 23 जीवित, 11 मृत मवेशी किया बरामद

# तस्करी करने वाहन में भरे थे मवेशी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मवेशियों को तस्करी करने वाहन में भर रहे थे। एक आशोक लिलैंड की वाहन व 3 बाइक भी जब्त किया गया है। इस मामले में पुलिस को अन्य आरोपियों की तलाश है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम शिकारीटोला में कुछ युवक अवैध रूप से पशु परिवहन करने की नियत से एक वाहन अशोक लिलैंड में मवेशियों को भर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ग्राम शिकारीटोला स्कूल के पास पहुंचा। पुलिस पार्टी को देखकर कुछ युवक वाहन के पास अपने बाइक को छोड़कर भाग गए। स्कूल के पास खड़े वाहन को चेक किए तो वाहन में दो लोग बैठे मिले। जिनसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम अब्दुल राजीक पिता अब्दुल रफीक 40 साल निवासी पठानपुरा थाना मुर्तीजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र, खिलेश साहू पिता स्व. महेश साहू 36 साल निवासी गोडपारा नंदई थाना बसंतपुर का रहने वाला बताया।

उपरोक्त कार्रवाई में थानी सोमनी सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, आरक्षक तुषार मरकाम, चंद्रप्रताप सिंह, मनोज ठाकुर, चालक डायल 112 युवराज एवं सहायक उपनिरीक्षक शत्रुहन टंडन, आरक्षक आदित्य सोलंकी चौकी चिखली का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है।




### फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश

वाहन को चेक करने पर वाहन में 34 नग मवेशी मिला। जिसमें से 11 मवेशी मृत हालात थे। आरोपीगण का कृत्य पशुक्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 एवं छग कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं धारा 111, 325, 3(5) बीएनएस का घटित करना पाए जाने से आरोपियों के विरूद्ध थाना सोमनी में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अब्दुल राजीक पिता अब्दुल रफीक 40 साल निवासी पठानपुरा थाना मुर्तीजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र, खिलेश साहू पिता स्व. महेश साहू 36 साल निवासी गोडपारा नंदई थाना बसंतपुर को माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर लिया गया है। फरार आरोपियो की पतासाजी जारी है।

### 34 मवेशी मिले

पुलिस के अनुसार संदेही अब्दुल राजीक से पूछताछ करने पर बताया कि वाहन अशोक लिलैंड का मालिक नीजाम खान निवासी मुर्तीजापुर अकोला महाराष्ट्र से खिलेश साहू से संपर्क कर मवेशी लाने के लिए कहने पर वाहन चालक भारत निवासी मुर्तीजापुर, रहन्नुदीन पिता फकरूददीन 30 साल निवासी पठानपुरा अकोला के साथ राजनांदगांव आया था। राजनांदगांव में पार्रीनाला के पास खिलेश साहू मिला। जिसके साथ वे लोग ग्राम शिकारीटोला आए, जहां शिकारीटोला का गोलू यादव आसपास के मवेशी को गांव के स्कूल के पास एकत्रित कर रखा था। हम लोग अपने साथ लाए अशोक लिलैंड वाहन में करीब 34 मवेशी को लोड किए हैं।

# कबाड़ी दुकानों में दबिश पुलिस की जांच पड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कबाडी दुकानों में पुलिस की दबिश से कबाडी दुकान का संचालन करने वालों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने इस दौरान दुकानों की जांच पड़ताल की एवं निर्देशित किया गया कि कोई भी सामग्री पहचान व रिकॉर्ड के बिना न खरीदी जाए।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को शहर में संचालित कबाड़ी दुकान गनी कबाड़ी गंज चौक रोड, मुन्ना कबाड़ी बजरंग चौक लोहारपारा, अरूण कबाड़ी लखोली नाका पोहा मिल के पास, सलीम कबाड़ी राजीव नगर चौक लखोली, हसन कबाड़ी कंचनबाग रोड, सलमान कबाड़ी उदयाचल के सामने, अरूण कबाड़ी लखोली नाका, डैनी कबाड़ी पुराना गंज चौक, एहसास मलिक केशर नगर रोड़, बंगाली कबाड़ी बंगाली चाल बसंतपुर, गुप्ता कबाड़ी नया बस स्टैंड के पास राजनांदगांव, रफीक कबाड़ी ममता नगर रोड राजनांदगांव, शफीक उर्फ बैगा कबाड़ी रमन मार्केट चिखली, इब्राहिम कबाड़ी गठुला नाला के पास चिखली राजनांदगांव पहुंचकर आकस्मिक चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान चोरी का समान नहीं पाया गया।

### दस्तावेज प्रस्तुत करने थाना तलब

कबाड़ी दुकान में रखे पुराने दो पहिया व चार पहिया वाहन एवं कबाड़ समानों की जांच तस्दीक हेतु दुकान संचालकों को नोटस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने थाना तलब किया गया एवं चोरी का सामान खरीदी-बिक्री नहीं करने शख्त हिदायत दिया गया। शहर में संचालित कबाड़ी दुकानों की लगातार चेकिंग जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी आशीष कुंजाम एवं निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली, एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, नंदकिशोर गौतम पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव व थाना पेट्रोलिंग तथा पुलिस लाइन स्टॉफ उपस्थित थे।

# शराब से माहौल खराब, बंद कराओ बिक्री

## महिलाएं पहुंची चिचोला थाना, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

चिचोला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जनकपुर, महाराजपुर, बापूटोला, पाटेकोहरा, नारायणगढ़ में बेरोकटोक शराब की बिक्री हो रही है। सभी गांव के ग्रामीण एवं महिलाएं शराब से होने वाली परेशानी को लेकर थाने में शिकायत करने आते है पर थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई करने का आश्वासन देकर टाल दिया जाता है।ग्राम बापूटोला के ग्रामीण और महिलाओं ने थाना पहुंच कर अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर चौकी प्रभारी को आवेदन दिया। महिलाओं ने बताया कि सार्वजनिक जगहों, गली मोहल्लों और चौराहों में स्थित होटलों में शराब बेची और पीने की सुविधा मुहैया कराया जाता है जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।

### बढ़ी महिलाओं की परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के चौराहों में शराबियों द्वारा लड़ाई झगड़ा और गाली गलौज करना आम बात हो गई जिसके चलते महिलाएं सार्वजनिक जगहों पर आने जाने में असहज महसूस करती हैं।चौराहों से स्कूली बच्चों का भी आना जाना होता है। चौराहों पर शराब बेचने वाले बैठ जाते है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो बच्चे, ग्रामीण और महिलाओं द्वारा राजमार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले नारायणगढ़ के सरपंच ने भी ग्रामीणों के साथ चौकी पहुंच कर अवैध शराब के खिलाफ शिकायत किया था।

# शिक्षा के साथ व्यावसायिक अध्ययन जरूरी

■ लिटिल एक्सप्लोरर्स प्ले स्कूल का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** अजीज पब्लिक स्कूल की शाखा लिटिल एक्सप्लोरर्स प्ले स्कूल का उदघाटन शुक्रवार को आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली के हाथों हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री अली ने बच्चों के सर्वागीण विकास और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया।

शुभारंभ अवसर पर बहादुर अली ने कहा कि अजीज पब्लिक स्कूल में हम बच्चों को सिर्फ स्कूल की पढ़ाई के लिए तैयार नहीं करते, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर होने की शिक्षा भी देते हैं। अजीज पब्लिक स्कूल की समस्त जिलों में कुल 9 स्कूल संचालित है। जिसमें 6500 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। आज बच्चों को सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि शिक्षा के साथ व्यावसायिक अध्ययन की बहुत जरूरत है। कोई भी व्यवसाय छोटा नहीं होता है।

कार्यक्रम में श्रीमती जोया आफरीन आलम, डॉ. रौनक जमाल के साथ शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के निर्देशक नीरज बाजपेयी, श्रीमती निलोफर खान आदि उपस्थित थे।




### मैंने खुद पंचर बनाए और कपड़े भी किए प्रेस

श्री अली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चाय बेचने का और स्वयं का उदाहरण देते कहा कि उन्होंने खुद साइकिल पंचर बनाया है, लॉन्ड्री में कपड़े प्रेस किए हैं और आज हम दोनों ही आप लोगों के सामने हैं, इसलिए हमें यह जोर देना चाहिए कि 15 से 18 वर्ष के बच्चों को किसी ना किसी माध्यम से छोटा ही सही पर कुछ ना कुछ व्यवसाय सीखना चाहिए। जिससे वह स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ सकें।

### मेधावी बच्चों का सम्मान

अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा, रामाटोला एवं रायपुर ब्रांच के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले कुल 60 छात्र-छात्राओं को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।राजनांदगांव जिले में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 8वां स्थान प्राप्त करने पर अलीजा कौसर एवं 10वां स्थान प्राप्त करने पर चंचल देवांगन को विशेष प्रशस्ति पत्र बहादुर अली के हाथों प्रदत्त किया गया। छात्रों को 12वीं उत्तीर्ण के बाद भी स्कालरशिप के माध्यम में उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य आईबी ग्रुप द्वारा किया जाता है एवं छात्रों को आईबी समूह में नौकरी के अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने एवं समाज में बेहतर योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### आज रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** रक्तदान के क्षेत्र में सेवाभाव से कार्य कर रही राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच परिवार द्वारा 13वें स्थापना दिवस और 12 जुलाई 2009 को नक्सली हमले में शहीद हुए पुलिस अधीक्षक व्हीके चौबे एवं 29 जवानों की स्मृति को समर्पित भाव से रखी गई थी। कल 12 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से यह जिम्मेदारी श्री भाटिया और तरणदीप सिंह को सौंपी गई।

### विचार गोष्ठी को लेकर 13 को बैठक

**राजनांदगांव।** कबीर पंथ के आचार्यों, धर्माधिकारियों, महंतो. दीवान साहेबों, संतजनों तथा कबीर के अनुयायियों एवं विचारकों द्वारा सुखद विचार की सहमति के लिए माह सितंबर 2025 में एक विशाल सदगुरु कबीर विचार गोष्ठी तथा सदगुरु कबीर साहेब के जीवनकाल में उसके द्वारा मानव जीवन जीने के उद्देश्य को आज के युग में मानव जीवन के चरित्र में उसकी प्रभाव एवं परिभाषा विचार गोष्ठी एवं आदि के संबंध में 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कार्यालय तहसील साहू संघ चौखड़ियापारा में बैठक रखी गई है।

# वाहनों की चेकिंग, 58 पर कार्रवाई

■ एमसीपी लगाकर जिलेभर में अभियान

**राजनांदगांव।** जिले में पुलिस ने एमपीसी लगाकर वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 58 मामलों में इक्कीस हजार पांच सौ रुपए जुर्माना कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

### वाहन का दस्तावेज साथ रखे

जिसके तहत थाना बसंतपुर, लालबाग, घुमका, छुरिया एवं पुलिस चौकी चिखली, सुरगी, तुमड़ीबोड़, चिचोला व यातायात पुलिस द्वारा 10 जुलाई को रात्रि 8 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा 58 प्रकरणों में 21500 रुपए की चालानी कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं और घर से निकलने से पहले हेलमेट जरूर लगाएं। साथ में वाहन का दस्तावेज और ड्राईविंग लाइसेंस जरूर रखे।

## पृष्ठ 09 का शेष

### शहादत के बाद...

जिसके कारण 47 नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर होना पड़ा। इन सालों में नक्सलियों के पल्लेमाड़ी एरिया कमेटी, मोहला एरिया कमेटी, केकेडी एरिया कमेटी और कंपनी नंबर चार संगठन भी खत्म हो गया है।

### लोडिंग अनलोडिंग से...

कब्जा रहता है। सर्विस लेन को वाहनों को खड़े करने उपयोग किया जा रहा है। रात के वक्त भी सर्विस लेन पर खड़ी वाहनों में टकराकर दुर्घटना के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद सर्विस लेन से वाहनों को नहीं हटाया जा रहा है।

**जाम लगने से दुर्घटना-** नेशनल हाईवे पर मठपारा मोड़ से नेहरू नगर तक सर्विस लेन में सड़क के दोनों ओर जगह-जगह ट्रकें खड़ी रहती है। वहीं राम दरबार चौक के समीप भी ट्रकों की लाइन लगी रहती है। सर्विस लेन में ट्रकें खड़ी होने के चलते जाम लगता है और दो पहिया चालक सर्विस लेन के बजाए मेन लेन पर अपनी वाहन ले जाते हैं। जिससे कई बार दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।

### प्लेटफार्म की जगह...

तक पहुंचे। हादसे की आशंका को देखते हुए यात्री नीचे उतरने से भी कतरा रहे थे। हालांकि कुछ यात्रियों ने हिम्मत कर नीचे उतरे। इस मामले में हरिभूमि से चर्चा करते सीएसएम जीसी शेट्टी ने बताया की स्टेशन में कार्यरत राजेश कुमार गुप्ता को इस मामले में नोटिस जारी की जा रही है।

# युक्तियुक्तकरण का विरोध, 'आप' ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था बदहाल होने का हवाला देते युक्तियुक्तकरण को रद्द किए जाने आम आदमी पार्टी द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री के नाम जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर बंद किए जाने का आरोप लगाते सरकार को घेरा है।

अपने प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी और राजेन्द्र सोनी ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने युक्तियुक्तकरण लागू कर इतने वर्षों पुरानी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है। जिससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल है।




### आदिवासी क्षेत्रों में बड़ा ड्रॉप आउट

आम आदमी पार्टी ने कहा कि कई स्कूलों में 2-3 कक्षाओं के लिए एकमात्र ही शिक्षक है। बस्तर, सरगुजा, कांकेर जैसे आदिवासी इलाकों में छात्र संख्या में गिरावट और स्कूल से ड्रॉपआउट दर में इजाफा हो रहा है। दंतेवाड़ा में एक स्कूल को 7 किमी दूर स्थानांतरित किया गया। जिससे बच्चे स्कूल आना बंद कर दिए हैं।

### कलेक्टोरेट गेट पर की नारेबाजी

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर खड़े होकर स्कूलों को मर्ज करने और कई स्कूलों को बंद करने के मामले में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के लोकेश रामटेक, आरिफ खान, अशोक चौबे सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल मर्ज होने से समस्या

आम आदमी पार्टी ने अपने ज्ञापन में कहा कि युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों को मर्ज करने पर कई क्षेत्रों में छात्रों को 3-5 किमी दूर स्कूल जाना पड़ रहा है। इससे खासकर बालिकाओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है, जहां एक ओर शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया। वहीं कई स्कूल ऐसे रह गए जहां विषय विशेषज्ञ शिक्षक ही नहीं है। बच्चों को बिना गणित या विज्ञान शिक्षक पढ़ाई करनी पड़ रही है। कई स्थानों पर बिना स्थानीय स्थिति को समझे स्कूलों का विलय किया गया है। इससे सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक बाधाएं सामने आ रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### लांस नायक उत्तम ध्रुव ने गौरमाटी के विद्यार्थियों को सिखाया सफलता का मूलमंत्र



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल गौरमाटी के विद्यार्थियों के बीच अनुशासन ही सफलता का मूल मंत्र है तथा अनुशासित व्यक्ति अपने जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण क्षेत्र में सफलता अर्जित करता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व और भी सर्वाधिक है, उक्त प्रेरक उद्बोधन ग्राम कुर्दा थान खमरिया निवासी 9वीं रेजीमेंट लांस नायक उत्तम कुमार ध्रुव जो कि वर्तमान में नागालैंड में सेवारत हैं। उन्होने विगत 11 वर्षों से भारतीय सेवा के जवान के रूप में देश के विभिन्न क्षेत्रों में मातृभूमि की सेवा कर चुके श्री ध्रुव ने अपने जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए परीक्षा की तैयारी एवं अपेक्षित सफलता के लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सरोजबाला बनाफर, व्याख्याता दिनेश सोनी, कीर्तन शुक्ला, जयप्रकाश साहू, एके मिर्चे, मनीष वर्मा, शिव केडिया सहित विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

### मनुष्य का गुरु एक नहीं हैं, 5 सर्वश्रेष्ठ गुरु होते हैं : राजकुमार साहू



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। गुरु महिमा का वर्णन कर गुरु के 5 प्रकारो में प्रथम गुरु मां है, जिन्होंने जन्म दिया है। दूसरा गुरु धरती मां है जिसमें हमने पले-बढ़े है। तीसरा गुरु पिता है, जिसमें पाल पोस कर बड़ा किया। चौथा गुरु शिक्षक है, जिसने हमें ज्ञान देकर सही रास्ता दिखाया और पांचवा गुरु हमारे आध्यात्मिक गुरु है। इस प्रकार हमें अज्ञान से ज्ञान की तरफ ले चले ऐसे गुरु को प्रणाम, वंदन, अभिनंदन करते हुए रेशमी पाटिले, आरती पाली, ललता भारती, गीता कुर्रे, दिव्या साहू और अंशु साहू ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान संस्था प्रमुख एमआर कोमरे, राजकुमार साहू ने समाज एवं जीवन में गुरु के महत्वों का वर्णन किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में गुरु पूर्णिमा पर्व पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं ने शाला परिषर फलदार व छायादार और अधिक ऑक्सीजन देने वाले पौधरोपण किया गया। जिस पर प्रधान पाठिका एलविना विलसन ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि एक पौधा अपनी-अपनी माता के साथ मिलकर एक पौधरोपण जरूर लगाएं और उसकी देखभाल करनी चाहिए, सभी शिक्षको ने सभी बच्चों को गुरु पूर्णिमा पर आशीर्वाद प्रेषित की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठिका श्रीमती एलविना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चन्द्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद खांडे, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, रसोईयां रजन साहू, मोहित राम साहू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### पथर्रा स्कूल में गुरू पूर्णिमा पर्व से मना



**हरिभूमि कवर्धा।** गुरूवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा में शाला प्रबंध विकास समिति अध्यक्ष विपनेश सिंह श्रीनेत, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक चंद्रमौली शर्मा, शिक्षक प्रताप सिंह मंडलोई की उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा महापर्व एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण कार्य का भव्य आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा शाला प्रबंध विकास समिति अध्यक्ष व शिक्षक शिक्षिकाओ का पुष्प-गुच्छ और तिलक लगाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात बच्चों द्वारा गुरु महिमा पर प्रकाश डाला गया। जिस पर अध्यक्ष द्वारा बच्चों को आशीर्वात्मक उद्बोधन तथा शिक्षकों द्वारा बच्चों को गुरुपूर्णिमा का महत्व बताते हुए पौधरोपण और उसकी रक्षा हेतु प्रेरित किया गया। अध्यक्ष द्वारा गुलमोहर पौध रोपित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

### प्रत्येक आवेदन का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जा रहा निराकरण

# सुंदूर वनांलच क्षेत्र रेंगाखार तहसील में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण को लेकर प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों के बाद जिले में राजस्व प्रकरणों में तेजी आई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के नेतृत्व में जिले के सुंदूर वनांचल क्षेत्रों में विशेष राजस्व शिविरों का संचालन किया जा रहा है, जिससे आम ग्रामीणों को उनके ही गांव में राजस्व से संबंधित समस्याओं का तत्काल समाधान मिल सके। विगत दिवस जिला मुख्यालय से दूर, बैगा बाहुल्य ग्राम रेंगाखार में आयोजित विशेष शिविर में स्वयं उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने शासकीय स्कूल परिषर में आयोजित शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनके लंबित प्रकरणों की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों की तत्परता से रेंगाखार में राजस्व कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। जानकारी के अनुसार रेंगाखार क्षेत्र के दो राजस्व परिक्षेत्रों के तहत आने वाले 12 हल्का पटवारियों के अंतर्गत कुल 611 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 317 प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है, जबकि शेष प्रकरणों पर कार्यवाही जारी है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले के वनांचल ग्रामों में 23 जुलाई से 29 अगस्त 2025 तक विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को उनके ही गांव में राजस्व से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राप्त हो सकेगा। इन शिविरों के आयोजन के पूर्व, जिले के चयनित ग्राम पंचायत भवनों में 08 और 09 जुलाई को नागरिकों से नामांतरण, बंटवारा, फौती, सीमांकन, खसरा त्रुटि सुधार, भूमि संबंधी विवादों एवं अन्य राजस्व विषयों से जुड़े प्रकरणों के लिए आवेदन लिए गए हैं। जिसका निराकरण कर शिविर में हितग्राहियों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में अनुभवी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर मौजूद रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का उसी स्थान पर निराकरण भी करेंगे। कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि शिविर व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु राजस्व समस्या निदान रथ का संचालन भी किया जाएगा।

यह रथ अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों जैसे कम्प्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन आदि से सुसज्जित होगा साथ ही इसमें प्रशिक्षित ऑपरेटर और सहयोगी स्टाफ भी रहेंगे। यह रथ गांव-गांव जाकर भूमि, नक्शा, खसरा, गिरदावरी, नामांतरण सहित लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आने वाली सेवाओं का त्वरित समाधान स्थल पर ही उपलब्ध कराएगा। एग्री स्टेक और गिरदावरी प्रविष्टि पंजीयन की सुविधा भी यहीं से दी जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि अब तक जिले की 8 तहसीलों के 26 निरीक्षण सर्किलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 2025 आवेदन प्राप्त हुए हैं, यह आवेदन 8 और 9 जुलाई को लिए गए थे। जिनमें से 1123 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा चुका है और 882 प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं। आगामी 23 जुलाई से 29 अगस्त तक जिले के सभी 24 सर्किलों में एक बार फिर विशेष राजस्व समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह पहल शासन की जनहितैषी सोच, स्थानीय सहभागिता और प्रशासनिक सक्रियता का प्रतीक बन रही है, जो ग्रामीण अंचलों में राजस्व व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बना रही है।

#### राजस्व समस्या निदान रथ पहुंचेगा गांवों में



कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व शिविरों के कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं जनसुविधा मूलक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस क्रम में राजस्व समस्या निदान रथ का संचालन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं स्थल पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। राजस्व रथ के संचालन के लिए विस्तृत रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। यह रथ पूरी तरह तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित रहेगा, जिसमें फोटोकॉपी मशीन, कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित दो ऑपरेटर एवं एक सहयोगी कर्मचारी की तैनाती की गई है। यह पहल ग्रामीणों को राहत देने के साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता एवं दक्षता में वृद्धि करेगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व समस्या निदान रथ की नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीणजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक समन्वय स्थापित किया जाए।

# जिले के कांवड़ यात्रियों के लिए अमरकंटक में निःशुल्क भोजन एवं विश्राम की सुविधा

### कांवड़ियों की सेवा, सत्कार का पुण्य अवसर हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है: भावना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष भी कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जल लेकर अमरकंटक में जलेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान करेंगे। उनकी यात्रा को सुखद बनाने के लिए लगातार चौथे वर्ष भी पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मेला मैदान नया नगर पालिका के पास, अमरकंटक धाम में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक सर्वसुविधायुक्त निःशुल्क विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई है, जहां सावन माह के प्रथम दिन लगभग 500 श्रद्धालुओं का आगमन हुआ।

सभी श्रद्धालुओं का पूरे उत्साह के साथ संस्थान के सदस्यों द्वारा स्वागत एवं सेवा की गई और श्रद्धालुओं में भी उत्साह दिखाई दिया एवं सभी ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। विगत वर्ष भावना बोहरा द्वारा इस सुविधा के माध्यम से लगभग 11,000 से अधिक श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों को इस सुविधा का लाभ मिला और इस वर्ष भी उसी लक्ष्य के साथ मेला मैदान, नया नगर पालिका के पास, अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों के लिए लिए सुबह चाय-नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि के भोजन, नहाने व विश्राम की व्यवस्था एवं रोजमर्रा की सभी मूलभूत सुविधाओं की यहां पूरी तरह व्यवस्था की गई है और भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्य भी यहां सातों दिन चौबीसों घंटे उनकी सेवा में उपलब्ध रहेंगे ताकि कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर उन्होने बताया कि कबीरधाम जिले से हजारों कांवड़ यात्री भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था एवं विश्वास के साथ कांवड़ में जल लेकर उनका जलाभिषेक करने हेतु कठिन यात्रा करके अमरकंटक के लिए प्रस्थान करते हैं। उनकी यात्रा सुखद और मंगलमय हो इसके लिए लगातार हमारा प्रयास जारी है। कांवड़ यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए हमने नवनिर्मित पालिका परिषद, अमरकंटक अनुपपुर (म.प्र.) में सभी मूलभूत सुविधाओं तथा आपके विश्राम, भोजन, पेयजल, स्नान जैसे सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की है साथ ही भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्य उनकी सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का अवसर स्वयं भगवान शिवजी की सेवा करने का सौभाग्य है और भगवान भोलेनाथ की कृपा एवं आशीर्वाद और क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही लगातार चौथे वर्ष भी हमें शिवभक्तों की सेवा करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

#### शिवभक्तों के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई

विधायक ने कहा कि विगत वर्ष लगभग 11000 शिवभक्तों एवं कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का हमें अवसर मिला था, इस वर्ष भी उसी लक्ष्य के साथ हमने सभी मूलभूत सुविधाओं से लेकर सात्विक भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की है और हमें विश्वास है कि कबीरधाम जिले के सभी शिवभक्त पधारकर हमारे इस प्रयास में अपना सहयोग और सेवा का अवसर जरुर प्रदान करेंगे। हमारी धार्मिक परंपरा व संस्कृति को जीवंत रखने और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इससे अवगत कराने के लिए इतनी कठिन यात्रा करके पधारे कांवड़ियों की सुविधा, सात्विक भोजन एवं विश्राम हेतु हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। यहां प्रतिदिन शाम को भोलेनाथ की भव्य महाआरती भी की जाती है जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। जिले से पधारने वाले समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ और आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा।

## गुरू पूर्णिमा पर कृतज्ञता पूजन व पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

गुरु पूर्णिमा ज्ञान, श्रद्धा व समर्पण का पर्व है जो आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत उच्च और पूजनीय माना गया है। गु का अर्थ है अंधकार और रु का अर्थ है प्रकाश। जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैला, वही सच्चा गुरु होता है। गुरु हमें सही दिशा दिखाते हैं, जीवन को सार्थक बनाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा,समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक पावन अवसर होता है। इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है क्योंकि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों को चार भागों में विभाजित कर मानवता को ज्ञान का अमूल्य खजाना दिया। यही कारण है कि उन्हें सभी गुरुओं का गुरु माना जाता है। भारतीय परंपरा में यह दिन गुरु को प्रणाम करने उनसे आशीर्वाद लेने और उनके उपदेशों को स्मरण करने का दिन होता है। यह पर्व अध्यात्म शिक्षा संस्कृति और संस्कारों से गहरे रूप से जुड़ा हुआ है। शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम के तहत गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला में शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा फूलदार एवं फलदार पौधारोपित किया गया। इस गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बच्चों के द्वारा शिक्षकों को गुलाल लगाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर कृतज्ञता प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सह संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर, बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षक रामनिहोरा चंद्रवंशी, भुनेश्वर सिंह चौहान, अकली प्रसाद कुर्रे, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, सुनील कुमार कश्यप, प्रीतम कश्यप, ईश्वरी यादव व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



### सीएचसी पिपरिया में विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि पिपरिया।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया अस्पताल में दीर्घ-काल से पदस्थ दो स्टॉफ नर्स श्रीमती एकता हिरवानी व श्रीमती ऊषा धुर्वे का स्थानांतरण छत्तीसगढ़ के दो अलग-अलग जिलों में हो जाने के कारण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उक्त विदाई समारोह में इस अस्पताल में पदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी ने अपने संभाषण में बताया कि हमारा अपने परिवार से भी ज्यादा समय अपने कार्यस्थल में व्यतीत होता है। जिसके कारण अपने सह-कर्मियों के साथ एक परिवार की भांति रिश्ता बन जाता है और अगर इस परिवार से कोई भी सदस्य बिछड़ता है, तो दुख होना तो लाजमी है इसी के साथ ही उन्होंने दोनों स्टाफ नर्सों को भाव-विभोर होकर विदाई देते हुए उनके अग्रिम जीवन की शुभकामनाएं भी दी। बताया जाता है कि स्टाफ नर्स श्रीमती एकता हिरवानी का स्थानांतरण राजनांदगांव जिले में और स्टाफ नर्स श्रीमती ऊषा धुर्वे का स्थानांतरण दुर्ग जिले में हो गया है, दोनों स्टाफ नर्सों को सीएचसी पिपरिया अस्पताल परिवार के सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने याद स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए तथा दोनों स्टाफ नर्स अपने सीएचसी पिपरिया अस्पताल परिवार से बिछड़ने के गम और विदाई के इस अंतिम दिन नम आखों से विदाई दी गई।

### एक पेड़ मां के नाम हाई स्कूल व शासकीय भवनों में पौधारोपण किया गया



**हरिभूमि कुण्डा।** शासन प्रशासन के योजना एक पेड़ मां के नाम से विभिन्न शासकीय भवनों में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों ग्राम पंचायत सोसायटियों में मां के नाम से एक पेड़-रोपण कर उसकी संपूर्ण सुरक्षा का दायित्व लिया गया। क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला कुण्डा, बसनी, कोलेगांव, कुम्ही, जंगलपुर तथा ग्राम पंचायत में सरपंच एवं पदस्थ शिक्षकों द्वारा एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया गया। इसी कड़ी में भरेवा-पुरन मिडिल स्कूल में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र साहू, संकुल समन्वय मनमोहन सिंह ठाकुर, प्रधान पाठक लेखराज साहू, सरपंच प्रतिनिधि डिंडोरे भवानी, उप सरपंच प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर, द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया। साथ ही साथ गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम को मां सरस्वती के तेल चित्र में फूल माला एवं दीप प्रज्जवलित कर मनाया गया, जिसमें शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में पंचायत और विद्यालय के साथ ही साथ विद्यार्थी गण एवं ग्रामवासी गण सम्मिलित हुए।

### श्रमिकों का आरोप आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न

# पंडरिया शक्कर कारखाना, 250 श्रमिकों को निकाला, अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडातराई

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के श्रमिकों ने हड़ताल शुरू कर दिया है,सैकड़ों के अधिक संख्या में ये कर्मचारी श्रमिक कल्याण संघ के बैनर तले परसवारा मेन गेट के पास हड़ताल में हैं और नारेबाजी भी कर रहे हैं। अभी तक कारखाना प्रबंधक और शासन प्रशाशन द्वारा कोई रास्ता नहीं निकला गया है श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा सचिव अजय बंजारे प्रवक्ता संतराम वर्मा ने बताया कि 250 श्रमिक कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया गया है। श्रमिकों ने बताया कि हर साल 1, 5 जुलाई, 8 जुलाई से लेकर पेराई सीजन बंद होने तक काम करते हैं। लेकिन इस बार 11 जुलाई तक 250 करीब श्रमिकों को काम पर नहीं बुलाया जा रहा हैं सीधे तौर पर नौकरी से निकाल दिया गया है ऐसे में कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दिया गया है। संघ ने प्रबंध और क्षेत्रीय विधायक व कलेक्टर से चर्चा किया तो कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। यही वजह से हड़ताल में बैठ गए हैं।



#### चहेते लोगों को नौकरी पर रख रहे

वर्तमान में कारखाना प्रबंधक द्वारा अपने चहेते फर्जी डिग्रीधारी व ठेका श्रमिक और ओम इंटरप्राइजेस के लोगों को नौकरी पर रख रहे हैं और प्रमोशन कर रहे हैं। गरीब मजदूर कारखाना के भरोसे अपना जीवन यापन कर रहे अपने बच्चे का पढ़ाई लिखाई कराते हैं जिनका भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं पालन-पोषण से लेकर बच्चों की शिक्षा तक प्रभावित हो रहा है। आज अनिश्चित कालीन क्रमिक भूख हड़ताल में श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अशोक बंजारे, सचिव अजय बंजारे, प्रवक्ता संतराम वर्मा, सचिव मेलन मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश मानिकपुरी, सदस्य अश्वनी साहू, सदस्य बिसेन साहू, सदस्य जागेश्वर कुर्रे, रामझूल चंद्रवंशी, मुकेश यादव, अमर बंधवे, शिवकुमार निषाद, मो.जुनैद खान, अजय धुर्वे, नंदकुमार चंद्राकर, योगेश साहू, भरत लाल यादव एवं सैकड़ों की संख्या पर हड़ताल में बैठे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### विहिप प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा का कुण्डा में स्वागत



**कुण्डा।** विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ सहित चार प्रांतों के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा का मण्डल महामंत्री सुमन गुप्ता के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। गत दिनो विश्व हिंदू परिषद के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय कार्यक्रम बिलासपुर कुनकुरी प्रवास पर थे, इसी दौरान उनका आगमन कुण्डा हुआ। कुण्डा में महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा सुमन गुप्ता के अगवाई में उनके निवास के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया एवं शिष्टाचार भेंट कर कुशलक्षेम जाना। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा ने राष्ट्रीयता, धार्मिकता व हिंदुत्व के संदर्भ में विस्तृत परिचर्चा की। उन्होंने प्रातः काल उठ के रघुनाथा, मात, पिता गुरु नावही माथा इसी विषय पर उपदेश केन्द्रिक्रत करते हुए परिचर्चा की। इस अवसर महामंत्री सुमन/दिनेश गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय, पूर्णकालिक विस्तारक छत्तीसगढ़ भाजपा संतोष चंद्रवंशी, महेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण



**कोदवागोड़ान।** एक पेड़ मां के नाम के तहत सेवा सहकारी समिति कोदवागोड़ान के धान खरीदी केंद्र स्थित मैदान में कर्मचारियों द्वारा पीपल का पौधा लगा कर उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया गया। कर्मचारियों ने बताया कि आगे चलकर यह पौधा विशाल वृक्ष बनकर इस केंद्र में आने वाले किसानों को शीतल छाया के साथ ग्रामीणों को शुद्ध आक्सीजन प्रदान करेगा। इस अवसर पर समिति प्रबंधक गौरव परिमल, लिपिक केएल डड़सेना, सरजू साकत, चोवाराम यादव और मंगल यादव उपस्थित थे।

### जिपं सदस्य वीरेन्द्र साहू ने किया स्कूल का निरीक्षण



**कवर्धा।** गुरुपूर्णिमा पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू द्वारा ग्राम सोनपुरी गुढ़ा में संचालित शासकीय मिडिल स्कूल में शिक्षक एवं विद्यार्थियों से भेंट मुलाकात की तथा स्कूल में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लेते हुए शासकीय योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. वीरेन्द्र साहू ने स्कूल के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को गुरूपूर्णिमा की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों का आदर करें और शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं। श्री साहू ने मौके पर मौजूद शिक्षकों से स्कूल की वर्तमान स्थिति और समस्याओं की जानकारी ली। शिक्षकों द्वारा रखी गई समस्याओं के त्वरित समाधान के लिएउन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से सरपंच रामेश्वर साहू, जनपद सदस्य रूपेन्द्र सिंह, तामेश्वर साहू, चतुर साहू, कृष्ण साहू, भिखम सिन्हा, नीलू धुर्वे, रामचंद्र साहू सहित स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### एसोसिएशन ने की नवपदस्थ डीईओ से मुलाकात



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर स्वागत किया। इस दौरान जिले की शैक्षणिक स्थिति पर गहन चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए टीम भावना से कार्य करने पर सहमति व्यक्त किया है। डीईओ एफआर वर्मा ने एसोसिएशन को आश्वस्त किया है कि शिक्षकों से संबंधित सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। इस मुलाकात से शिक्षकों में अपनी समस्याओं के समाधान और शैक्षिक उत्थान के लिए सकारात्मक माहौल की उम्मीद जगी है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, कैलाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### कोलेगांव स्कूल में मना गुरूपूर्णिमा पर्व

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल कोलेगांव संकुल कोलेगांव में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती का विधि-विधान से पूजा अर्चना किया गया और गुरु पूर्णिमा बड़ी धूमधाम से मनाया गया साथ ही स्कूल परिषर में एक पेड़ मां के नाम 10 पौधरोपण शाला परिषर में किया गया। जिसमे प्राचार्य संतोष डहरिया, व्याख्याता लक्ष्मीकांत कश्यप, शिक्षक शशिकांत तिवारी, गोवर्धन प्रसाद चंद्रवंशी एवं संकुल समन्वयक रामफल चंद्राकर द्वारा गुरु के महत्त्व को बताया गया। गुरु सबसे बड़ा श्रेष्ठ है, गुरु का आदर करना चाहिए, गुरु का नियमों का पालन सही नियम से करना चाहिए।

---

**हादसा:** करीब 40 से 50 फीट खाई में गिरी बोर गाड़ी, शहडोल से बेमेतरा जा रही थी वाहन

# भीषण सड़क हादसे में गई पांच की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग स्थित आगरपानी चाटा के पास एक भीषण दुर्घटना में बोर वाहन में काम करने वाले पांच मजदूरों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि तेज रफ्तार बोर वाहन के करीब 40 से 50 फीट खाई में गिरने के कारण यह हादसा हुआ है। लोगों से मिली घटना सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने काफी मसक्कत के बाद खाई से मृतकों के शवों को बरामद कर लिया है वहीं सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बोर गाड़ी क्रमांक टीएन 88 डी 1702 मध्यप्रदेश के शहडोल से बजाग कुकदुर होते हुए छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जा रही थी। बताया जाता है कि इस बोर वाहन में चालक सहित करीब दर्जन भर लोग सवार थे। बोर वाहन जैसे ही कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम आगरपानी चाटा के पास पहुंची इसी दौरान एक खतरनाक मोड़ पर वाहन चालक ने तेज रफ्तार वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित वाहन सड़क से उतरकर कई पलटी खाते हुए सीधे करीब 40-50 फीट नीचे खाई में जा गिरी। इस भीषण हादसे और कई फीट की ऊंचाई से वाहन के नीचे गिरने के कारण वाहन सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायलों ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मार्ग से गुजरने वाले लोगों को शुक्रवार की सुबह करीब 7.30 बजे हुई और उन्होने इसकी जानकारी तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पुहंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खाई में उतरकर तलाशी शुरू की और दुर्घटनाग्रस्त बोर वाहन के नीचे दबे तीन मृतकों के शवों को बरामद किया वहीं घायलों को खाई से ऊपर लाकर एम्बेंलुस की मदद से ईलाज के लिए कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय कवर्धा रिफर किया गया लेकिन उन्होने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का ईलाज किया जा रहा है। कुकदुर पुलिस के मुताबिक दुर्घटना का शिकार हुई बोर बाहन चालक हरि वलगन निवासी तमिलनाडु चला रहा था। वहीं इस भीषण सड़क हादसे में मृतकों की पहचान गजेंद्र राम पिता रंगू राम उम्र 30 वर्ष निवासी ठेठे टांगर बरा गजोर थाना कुनकुरी, सुभाष राम पिता बलदेव उम्र 25 वर्ष ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, हरीश पिता चंद्राराम उम्र 19 वर्ष जाति भुईहर ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, देवधर पिता देवभोराम उम्र 45 वर्ष निवासी नारियरढार कोका भरी थाना भन्सानेल जिला जशपुर तथा राज उम्र 50 वर्ष निवासी तिर चूमगोड़ थाना नामकल जिला नामकल तमिलनाडु के रूप में की गई है



#### बोर वाहन के उड़े परखच्चे



ये हादसा कितना भीषण और खतरनाक था इसका अंदाजा इसी बात से लाया जा सकता है कि दुर्घटना के बाद बोर वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन कई टुकड़ों में विभक्त हो गया। बताया जाता है कि वाहन सड़क से खाई में गिरने के दौरान कई बार लुड़कता हुआ नीचे गिरा जिसके कारण न सिर्फ वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया बल्कि इसमें सवार पांच लोगों की जान भी चली गई और बाकी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### संभवता रात में हुआ हादसा

घटना के साथ मृतकों के शवों को देखकर ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि यह हादसा या तो गुरूवार की रात में हुआ है या फिर गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानीरात का है। क्योंकि इतने बड़े हादसे के बाद भी तत्काल किसी को इसकी जानकारी नहीं मिली। वहीं बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह जब जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल ने मृतकों के शवों को बाहर निकाला तो अकड़ चुके थे। जिससे देखते हुए आशंका जताई जा रही है घटना देररात की है।

#### बचाव दल को करनी पड़ी भारी मसक्कत

बताया जाता है कि खाई की गहराई काफी अधिक होने के कारण बचाव दल को घटना स्थल तक पहुंचने में भारी मसक्कत करनी पड़ी वहीं घायलों व मृतकों के शवों को भी करीब 40-50 फीट गहरी खाई से निकालकर ऊपर लाना किसी चुनौती से कम नहीं था।

---

## देह व्यापार में संलिप्त दो महिलाओं के विरुद्ध कार्रवाई, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



संज्ञेय अपराधों की रोकथाम तथा अ नै ति क गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत भिभौरी निवासी दो महिलाओं के विरुद्ध देह व्यापार जैसी अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की गई। इस संबंध में स. लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो महिलाएं निवासी ग्राम भिभौरी थाना सहसपुर लोहारा के विरुद्ध धारा 170 / 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा क्रमांक 35/96/2025 तैयार कर प्रकरण न्यायालय एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए जाने के पश्चात दोनों अनावेदकों को केन्द्रीय जेल दुर्ग भेजा गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना सहसपुर लोहारा पुलिस द्वारा की गई। कबीरधाम पुलिस समाज विरोधी एवं अनैतिक गतिविधियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्यवाही जारी रखेगी।

## राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कबीरधाम जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करने राज्य सलाहकार श्रीमती अभिलाषा आनंद ने आज जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लास्टिक प्रबंधन इकाइयों एवं मॉडल ग्रामों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती आनंद ने ग्राम पंचायत बिरकोना एवं बेन्दरची में महिला स्व-सहायता समूहों के साथ बैठक कर घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया एवं उसमें आ रही समस्याओं की जानकारी ली। महिला समूहों ने इस कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी की विस्तृत जानकारी साझा की और साथ ही विभिन्न स्तरों पर आने वाली चुनौतियों से भी अवगत कराया। राज्य सलाहकार ने समूहों से यह भी जानकारी ली कि उन्हें निर्धारित प्रोत्साहन राशि नियमित रूप से प्राप्त हो रही है या नहीं। महिला समूहों को स्वच्छता कार्यों के दौरान स्वयं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई। श्रीमती आनंद ने उन्हें मास्क, ग्लव्स, जूते और एप्रन पहनकर ही कचरा संग्रहण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों में संलग्न महिला समूहों की सुरक्षा और गरिमा सर्वोपरि है। इसके अतिरिक्त, फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत दशरंगपुर को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। राज्य सलाहकार श्रीमती आनंद द्वारा प्लांट परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत मजगांव में प्लास्टिक प्रबंधन इकाई का निरीक्षण भी किया। प्लास्टिक अपशिष्ट के सुचारू प्रबंधन हेतु उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को स्थानीय कबाड़ी विक्रेता से लिंकेज स्थापित करने तथा यूनिट के सतत संचालन के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य सलाहकार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत समुदाय की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से अपील की कि वे मिशन के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए नियमित निगरानी एवं नवाचारों को अपनाएं।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जारी किए गए स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अनुसार 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, के कुशल मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले के विभिन्न स्थानो में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता की इसी श्रृंखला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमन तिग्गा द्वारा नगर के ग्रेसियस नर्सिंग महाविद्यालय, मजगांव तथा स्वामी आत्मानंद विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिनियम, 1987, बाल श्रम निषेध अधिनियम, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम), मोटरयान अधिनियम अंतर्गत वाहनों की विज्ञप्ति, बीमा जैसे अनिवार्य प्रावधान, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, साईबर अपराध एवं आईटी एक्ट के बारे में सारगर्भित रूप से जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही नालसा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रदान की गई। जागरूकता कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधान जिसमें पीड़ित बालकों की गोपनीयता, पीड़ित बालकों के कथन उनकी सुविधानुसार स्थान में दर्ज कराने की व्यवस्था जैसे विभिन्न संरक्षक प्रावधानों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए वर्तमान समाज में विधिक जागरूकता की कमी से होने वाली हानियों को वास्तविक दृष्टांतो का उदाहरण प्रस्तुत कर विद्यालय, महाविद्यालयीन लगभग 250 विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलव्ही डालेश्वर वर्मा, विजय राजपूत, मनोज यादव प्रभा गहरवार सह महाविद्यालय के प्राचार्य सीजी सैम्युअल, डायरेक्टर राजेश पाण्डेय, प्राध्यापिका श्रीमती मनीषा चन्द्रवंशी उपस्थित थी।

### लायंस क्लब ने 30 बच्चों को बांटे स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लायंस क्लब ने आज 11 जुलाई को गोद लिए प्राइमरी स्कूल ग्राम सेवई कछार के 30 बच्चों को स्कूल बैग और मिठाई वितरित की। साथ ही लायन सदस्य स्कूल के नेवता भोज में शामिल होकर बच्चों को भोजन परोसा।

लायंस क्लब ने पिछले आठ वर्षों से नगर की प्रमुख प्राथमिक शाला सहित ग्रामीण इलाकों की चार प्राथमिक शालाओं को गोद लिया हुआ है। इन शालाओं में जरूरतमंद अभावग्रस्त परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। हर वर्ष समय समय पर क्लब की ओर से इन बच्चों को पठन सामग्री, मिठाई आदि वितरित की जाती है। साथ ही बच्चों और पालकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और अच्छे संस्कारों का संदेश दिया जाता है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



- समस्याओं व मांगों का सामाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के साथ लौह पुरूष सरकार वल्लभ पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के किसानो तथा किसान परविारों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन शुक्रवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपा है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनो ही कारखाना प्रशासन द्वारा लगातार गन्ना किसानो और कारखाना में कार्यरत उनके परिजन कर्मचारियों को मानसिक तथा आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसके संबंध में लगातार शिकायतें किए जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए बताया कि जिले में संचालित भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना द्वारा हाल ही में हजारों किसानो को लाखों रूपए के नकली खाद बिक्री कर घोखाधड़ी व लूट की गई। जिसकी शिकायत पीड़ित किसानो द्वारा शासन-प्रशासन से लिखित में की गई थी। लेकिन आज पर्यंत इस मामले में दोषियों के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसी प्रकार अब दोनो ही सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानो में कारखाना के स्थापना के समय से कार्यरत किसान परिवारों के कर्मचारियों को बेवजह कार्य से पृथक किया जा रहा है। जो कि इन कर्मचारियों और किसान परिवारों के साथ अन्याय है।

वहीं कारखाना प्रबंधन द्वारा अभी तक गन्ना उत्पाद किसानो को अभी तक उनके हक का संपूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। जिससे किसानो को भारी आर्थिक परेशानियां उठानी पड़ रही। खेती किसानी के इस सीजन में किसानो को भुगतान नहीं मिलने से वे कर्ज लेने मजबूर हो रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि किसानो तथा किसान परिवार से जुड़ी इन तमाम समस्याओं व मांगों का निराकरण जल्द से जल्द किया जाए। अगर जल्द ही कार्यवाही नहीं की गई तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानो के हक में जिले भर में उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष , शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, जनसेवक आनंद सिंह, प्रशांत सिंह, अजय बंजारे उपस्थित थे।

---

**नगर सहित अंचल के शिवालयों में दिनभर गूंजा ओम नमः शिवाय**

## श्रावण मास के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



हिन्दी वर्ष के पूरे बारहों महीनों में मनुष्य का संबंध किसी न किसी देवी-देवताओं से रहता है। इन्हीं बारह महीनों में एक महिना सावन का होता है जो भगवान शिव को अर्पित है। शिव को अर्पित सावन का महीना गत 11 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है और शिवभक्त अपने भोले भंडारी की अराधना में पूरे तन-मन से जुट गए हैं। श्रावण मास के पहले दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शिव मंदिरों में लगी रही। श्रद्धालु अपने भोले भंडारी को खुश करने और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने सुबह से ही स्नान कर मंदिरों में पहुंचने लगे थे। शिवभक्तों की पूजन सामग्री में वह सभी चीज शामिल थी जो भगवान शंकर को पसंद है। कहते हैं भगवान शंकर भोले भंडारी हैं जो बेलपत्र और जल अर्पित करने से ही प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं। सो सावन का महीना प्रारंभ होते ही भक्तगण बेलपत्र, जल, दूध, दही, शहद, नारियल, अगरबत्ती, फूल आदि लेकर शिवालय पहुंच गए। शिवभक्तों की सबसे अधिक भीड़ नगर के प्राचीन मंदिर पंचमुखी बुढ़ामहादेव में देखी गई। जहां हर वर्ग के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शंकर की विधि विधान से पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। सावन का महीना प्रारंभ होते ही पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर प्रांगण मेला में परिवर्तित हो जाता है। सावन के पहले दिन से ही मंदिर के बाहर पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। जहां श्रद्धालुओं को नारियल, अगरबत्ती, फूल, बेलपत्ती सहित दूसरी पूजन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसा ही नजारा जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर स्थित भोरमदेव मंदिर में देखने को मिला। शिवभक्त यहां भी सुबह से ही पहुंचने लगे थे। दोपहर तक भोरमदेव मंदिर प्रांगण मेले में तब्दील हो गया। यहां कवर्धा के अलावा आस पड़ोस के क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। पूरे दिन नगर में ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव की गूंज रही।